# राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

**सादर प्रकाशनार्थ :-**

**जयपुर, 16 जुलाई।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा की अध्यक्षता में आज राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारीगण एवं जयपुर जिले के विधायकगण/विधायक प्रत्याशीगण की बैठक प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, जयपुर पर सम्पन्न हुई। बैठक में कांग्रेस संगठन के आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा किये जाने के साथ ही प्रदेशाध्यक्ष श्री डोटासरा ने सभी प्रभारी पदाधिकारियों से प्रभार वाले जिलों में हो रहे संगठनात्मक कार्यों का फीडबैक प्राप्त किया तथा विभिन्न विषयों पर महत्वपूर्ण निर्देश प्रदान किये।

बैठक को सम्बोधित करते हुए श्री डोटासरा ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग कर विपक्ष के नेताओं को प्रताड़ित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार के ईशारे पर ईडी ने कांग्रेस नेता श्री राहुल गाँधी को बेवजह 55-60 घण्टे तक पूछताछ कर परेशान किया। उन्होंने कहा कि जो मुकद्मा न्यायालय में विचाराधीन है उस प्रकरण में कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गाँधी को ईडी द्वारा नोटिस देकर पूछताछ के लिये बुलाया गया है जिसके विरोध में दिनांक 21 जुलाई, 2022 को जयपुर में ईडी कार्यालय के समक्ष हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता धरना देकर विरोध-प्रदर्शन करेंगे। साथ ही दिनांक 22 जुलाई, 2022 को सभी जिला मुख्यालयों पर ईडी द्वारा की जा रही कार्यवाही का विरोध किया जायेगा।

बैठक में चर्चा करते हुए श्री डोटासरा ने ईआरसीपी योजना से लाभान्वित होने वाले 13 जिलों में ईआरसीपी योजना को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा दिलवाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत् सभी 13 जिलों में हस्ताक्षर कार्यक्रम के लिये निर्देश प्रदान किये। उन्होंने कहा कि ईआरसीपी के तथ्यों की जानकारी देने हेतु सभी जिलों में कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रथम चरण के दौरान संवाददाता सम्मेलन आयोजित किये गये थे तथा दिनांक 22 जुलाई के पश्चात् हस्ताक्षर अभियान प्रारम्भ होगा जिसके तहत् कांग्रेस कार्यकर्ता आमजन के बीच जाकर ईआरसीपी योजना से संबंधित तथ्य तथा केन्द्र सरकार द्वारा इस योजना की उपेक्षा करने संबंधित जानकारी के पर्चे जन-जन तक पहुँचायेंगे तथा इस योजना को राष्ट्रीय परियोजना का

2........

Created by Universal Document Converter

दर्जा दिलवाने हेतु एक ज्ञापन पर आमजनता से हस्ताक्षर करवाकर योजना के पक्ष में जनसमर्थन हासिल करेंगे। उन्होंने कहा कि ईआरसीपी योजना की डीपीआर भाजपा सरकार ने बनवाई तथा प्रधानमंत्री श्री मोदी ने उक्त डीपीआर प्राप्त होना तथा योजना को राष्ट्रीय परियोजना का दर्जा देने का आश्वासन राजस्थान की जनता को दिया था, किन्तु अब इस परियोजना की अनदेखी कर राजस्थान की जनता से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वादाखिलाफी की है। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने उक्त योजना को पिछले तीन से अधिक वर्षों से ठण्डे बस्ते में डाल रखा है तथा जब राजस्थान सरकार स्वयं अपने संसाधनों से योजना को पूरा करने में जुट गई है तो केन्द्र सरकार द्वारा राजस्थान सरकार को उक्त योजना को रोकने हेतु कहा जा रहा है जबकि संसाधन राजस्थान के एवं जल भी राजस्थान का है। उन्होंने कहा कि सभी 13 जिलों में विधानसभा स्तर पर बड़ा कार्यक्रम कर हस्ताक्षर अभियान प्रारम्भ होगा जिसके पश्चात् ब्लॉक एवं वार्ड स्तर तक अभियान चलाकर आमजन के हस्ताक्षर प्राप्त किये जायेंगे।

श्री डोटासरा ने सभी उपस्थित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिन जिलों में जिलाध्यक्ष नियुक्त हो चुके हैं उन जिला कांग्रेस कमेटियों में उदयपुर डिक्लेरेशन की अनुपालना करते हुए कार्यकारिणी शीघ्र गठन किया जाये। उन्होंने कहा कि जिला कार्यकारिणी में 50 प्रतिशत सदस्य 50 वर्ष से कम आयु के होने चाहिये तथा 5 वर्ष से अधिक समय से पदाधिकारी नहीं हो इस बात का ध्यान रखा जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जुलाई माह में संगठन के चुनाव सम्पन्न हो जायेंगे तथा चुनाव प्राधिकरण द्वारा घोषित परिणामों के पश्चात् 15 दिन में सभी कांग्रेस कमेटियों की कार्यकारिणियों का गठन कर लिया जायेगा।

उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को विधानसभावार मण्डल कमेटियों के गठन के कार्य को गति देने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राजस्थान में गठित होने वाली 2200 मण्डल कमेटियों में से 50 प्रतिशत मण्डल कमेटियां बन चुकी है तथा आगामी समय में सभी जिला प्रभारी शेष मण्डल कमेटियों के गठन व उनके क्षेत्राधिकार में आने वाली बूथ कमेटियों की जानकारी प्रदेश कांग्रेस कमेटी में प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि 13 जिलों में जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित हो चुके हैं, शेष जिलों में प्रशिक्षण शिविर के आयोजन हेतु कार्यक्रम तय कर प्रदेश कांग्रेस कमेटी को जिला प्रभारी पदाधिकारी मुख्यालय को अवगत करायें।

3........

Created by Universal Document Converter

श्री डोटासरा ने आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार सभी जिलों में दिनांक 9 अगस्त से 15 अगस्त के मध्य निकाली जाने वाली 75 किलोमीटर की आजादी गौरव यात्रा का रूट मेप बनाकर प्रस्तुत करने के निर्देश प्रदान किये तथा सभी उपस्थित पदाधिकारीगण को निर्देश प्रदान किये कि जिलों में प्रवास के दौरान आयोजित होने वाले प्रत्येक कार्यक्रम की रिपोर्ट बनाकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपे जिसे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के समक्ष फीडबैक के रूप में अग्रेषित किया जायेगा।

उन्होंने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता श्री राहुल गाँधी ने सभी कांग्रेसजनों को जनसहभागिता बढ़ाने के निर्देश प्रदान किये हैं जिसकी अनुपालना में कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में गाँव-गाँव, ढाणी-ढाणी जाकर राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं एवं फ्लैगशिप कार्यक्रमों की जानकारी लोगों तक पहुँचायें और सुनिश्चित करें कि इन योजनाओं के लाभ से कोई प्रदेशवासी वंचित ना रहे तथा सभी कांग्रेस कार्यकर्ता आमजन के बीच रहकर केन्द्र सरकार की विफलताओं व वादाखिलाफी से जनता को अवगत करायें।

**( स्वर्णिम चतुर्वेदी )**

प्रवक्ता

मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter